प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 02.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–छोटे व्यापारियों के सशक्तीकरण और ई–कॉमर्स के क्षेत्र में ओपन नेटवर्क–ओएनडीसी ने लायी क्रांति।
2. राज्य के कृषि निदेशक श्रीकुमार ताराचंद ने हजारीबाग के माधोपुर केज साइट का किया दौरा, मत्स्य पालन के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने पर दिया बल।
3. राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान अलग–अलग घटनाओं में 21 लोगों की मौत, हजारीबाग में कुएं में डूबने से पांच की गयी जान।
4. नक्सलियों से मुक्त कराये गये बूढ़ा पहाड़ सैलानियों और पर्यटकों से हुआ गुलजार, सीआरपीएफ कमांडेंट ने कहा– सुरक्षा बलों ने जीता नागरिकों का भरोसा।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी ने कहा है कि डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क–ओएनडीसी ने छोटे व्यापारियों के सशक्तीकरण और ई–कॉमर्स के क्षेत्र में क्रांति लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वाणिज्यं और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मोदी सरकार ने ओएनडीसी की शुरुआत भारत में ई–कॉमर्स को लोकतांत्रिक बनाने के उद्देश्य से 2021 में की थी। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में इसने असंख्यं उपलब्धियां हासिल की है और अपने नेटवर्क पर एक समान मंच का निर्माण कर व्यापारियों, विशेष रूप से लघु उद्यमियों के सशक्तिकरण में मदद की है।

*******************

राज्य के कृषि निदेशक श्री कुमार ताराचंद ने हजारीबाग में माधोपुर केज साइट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने केज कल्चर तकनीक से हो रहे मछली पालन की प्रगति का निरीक्षण किया। कृषि निदेशक ने मत्स्य मित्रों के साथ केज कल्चर तकनीक के माध्यम से क्षेत्र में संभावित विकास और किसानों की आयवृद्धि पर चर्चा की। उन्होंने मत्स्य पालन के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

*******************

पिछले वर्ष दिसंबर महीने में कुल वस्तु और सेवाकर– जीएसटी संग्रह में, वर्ष 2023 की इसी अवधि की तुलना में 7 दशमलव 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह एक लाख 77 हजार करोड़ रुपये हो गया।

*******************

साहिबगंज जिले में पीएम जनमन योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस सिलसिले में आज मोबाइल मेडिकल यूनिट के जरिये विभिन्न प्रखंडों के दस गांवों में चिकित्सा सेवा दी जा रही है। बड़ी संख्या में लोग केन्द्र सरकार की योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।

*******************

राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान अलग–अलग घटनाओं में 21 लोगों की मौत हो गयी। सबसे ज्यादा पांच लोगों की मौत हजारीबाग में हुई। धनबाद शहर के धनसार थाना क्षेत्र स्थित मनईटांड छठ तालाब के समीप एक युवक की कुएं में गिरने से मौत हो गयी जबकि  लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत डिग्री कॉलेज के पास भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत की खबर है। गुमला जिले में सड़क दुर्घटनाओं में तीन बाइक सवारों की जान चली गयी। जमशेदपुर, खूंटी और देवघर में भी सड़क हादसे में दो–दो लोगों की मौत हुई है। रांची और रामगढ़ में भी सड़क दुर्घटनाओं में एक–एक व्यक्ति की जान गयी है।

*******************

खूंटी जिले में हाथियों का आतंक जारी है। पिछले पांच दिनों के भीतर हाथियों ने दो लोगों को कुचल कर मार डाला है। वन विभाग की टीम ने हाथियों के हमले का शिकार बने बुजुर्ग छूनकु कंडुलना के परिजनों को 20 हजार की सहायता राशि दी है। मौके पर खूंटी विधायक राम सूर्या मुंडा भी मौजूद थे। विधायक ने वन विभाग के अधिकारियों को लोगों को हाथी के हमले से बचाने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश दिया।

*****************

गढवा जिले का बूढ़ा पहाड़ कुछ समय पहले तक नक्सलियों का गढ़ माना जाता था लेकिन अब यहां सुरक्षा बलों का कब्जा है और इस क्षेत्र में अब पूरी तरह अमन चैन बहाल हो गया है।

*****************

सर्द हवाओं के कारण रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। गुमला, लातेहार, खूंटी समेत राज्य के 11 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सयिस के नीचे पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अगले दो से तीन दिनों तक राज्य में धुंध और कोहरा छाये रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

*****************

पलामू जिले में कड़ाके की ठंड पड़ने से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

*****************

गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट के लिए टिकटों की बिक्री आज से शुरू हो रही है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि टिकट सेना भवन, शास्त्री भवन, जंतर–मंतर, प्रगति मैदान और राजीव चौक मेट्रो स्टेशन से मूल फोटो पहचान पत्र दिखाकर खरीदी जा सकती हैं। सीधे वेबसाइट और आमंत्रण मोबाइल ऐप से भी टिकट खरीदी जा सकती है।

*****************